***प्रेस विज्ञप्ति***

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
## पंतनगर, जिला–ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

### पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हुआ 118वां अखिल भारतीय किसान मेला

पंतनगर। 13 अक्टूबर 2025। विश्वविद्यालय के चार–दिवसीय किसान मेले का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आज गांधी हाल में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान, निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. जितेन्द्र क्वात्रा, निदेशक शोध, डा. सुभाष चन्द्र, कृषि महाविद्यालय के 1963 बैच के पूर्व छात्र एवं डा. सुखचरन सिंह एवं प्रगतिशील कृषक श्रीमती गीतांजली भोज मंचासीन थे।

कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जितेन्द्र क्वात्रा एवं उनकी टीम को 118वें अखिल भारतीय किसान मेले के सफल आयोजन हेतु बधाई देते हुए कहा कि इस किसान मेले की ऐतिहासिक सफलता के लिए सभी अधिष्ठाता, निदेशक, नियंत्रक, निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण, संकाय सदस्य, सुरक्षा अधिकारी, विद्यार्थियों एवं अनेकों कर्मियों का योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि पंतनगर विश्वविद्यालय सदैव किसानों की आय वृद्धि, सतत कृषि विकास और ग्रामीण समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध रहा है। किसान मेला केवल तकनीकी प्रदर्शन का मंच नहीं, बल्कि यह किसानों, वैज्ञानिकों और उद्योग जगत के बीच संवाद एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने का माध्यम है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे पारंपरिक कृषि के साथ आधुनिक तकनीकों को अपनाएँ तथा फसल विविधीकरण, जलवायु–स्मार्ट कृषि और मूल्य संवर्धन पर विशेष ध्यान दें ताकि कृषि को अधिक लाभकारी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय इस प्रदेश के लगभग 60 लाख किसानों के साथ–साथ देश के किसानों को भी वैज्ञानिक उपलब्धियों से योगदान कर रहे हैं क्योंकि यह विश्वविद्यालय देश का प्रथम कृषि विश्वविद्यालय है और इसका सुदृढ मूल–भूत ढ़ांचा है और साथ ही जिम्मेदारी भी है और इस विश्वविद्यालय से सभी को अपेक्षायें भी है। उन्होंने सभी वैज्ञानिकों का पूरे तन–मन से योगदान के लिए आहवान किया और अंत में अगले किसान मेले का आयोजन चार दिन के स्थान पर पांच दिन किये जाने की घोषणा की। इस अवसर पर प्रगतिशील कृषक श्रीमती गीतांजली भोज एवं पूर्व छात्र डा. सुखचरन सिंह ने अपने अनुभावों को सभी के समक्ष प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में डा. जितेन्द्र क्वात्रा ने सभी उपस्थितजनों का स्वागत किया और चार दिवसीय 118वें किसान मेले के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस मेले में 575 स्टॉल लगाए गए, मेले में 1 करोड़ 45 लाख के बीजों की बिक्री हुई। उन्होंने बताया कि मेले में 37 हजार 8 सौ पंजीकृत एवं अपंजीकृत किसानों द्वारा भ्रमण किया गया।

मुख्य अतिथि द्वारा सर्वोत्तम स्टाल के लिए मैसर्स जय गुरुदेव इंडस्ट्रीज, रुद्रपुर तथा सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए मैसर्स जसवन्त एग्रीकल्चर वर्क्स, पंजाब के प्रतिनिधियों को प्रमाण–पत्र देकर पुरस्कृत किया गया तथा महिला क्लब पंतनगर को बेस्ट समूह का पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त इस अवसर पर किसान मेले में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं स्टालों के विजेताओं को भी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किये गये। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला एवं महिला क्लब की अध्यक्षा श्रीमती बीना चौहान ने कहा कि किसान मेले में क्लब द्वारा अर्जित धनराशि का प्रयोग सामजिक उत्थान के लिए चैरिटी के रुप में खर्च किया जाता है। अंत में डा. सुभाष चंद्रा, निदेशक, शोध द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।








